प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 18.02.2020

यातायात पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान "यातायात शिक्षा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम" के अन्तर्गत आज दिनांक 18.02.2020 को सेण्ट पॉलस सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, शास्त्रीनगर जोधपुर में मन् अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात, जोधपुर के नेंतृत्व में श्री हनुमानसिंह हैड कानि. 1201 द्वारा पॉवर पोईन्ट प्रजन्टेशन के माध्यम से यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में मन् अद्योहस्ताक्षकर्ता द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी के साथ जीवन का उद्देश्य, एक युवा नागरिक का अपने परिवार, समाज एवं देश में योगदान एवं महत्व की जानकारी दी। युवाओं को वर्तमान परिपेक्ष्य में यातायात पुलिस जोधपुर के फैसबुक, ट्विटर, व्हाट्सऐप के माध्यम से यातायात समस्याओं का समाधान करने की जानकारी दी।

पॉवर पोईन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम सड़क दुर्घटना होने के कारण, इसमें कमी लाने हेतु विशेष उपाय, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ो की जानकारी दी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आमजन, वाहन चालकों, विद्यार्थियों में यातायात नियमों की पालना हेतु जागरूकता लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटना के दौरान की जाने वाली त्वरित कार्यवाही, गुड सैमेरिटन (अच्छे मददगार) घायल व्यक्ति की मदद के दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय की गाईड लाईन व बालवाहिनी की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पैम्पलेट वितरण किये एवं यातायात नियमों की पालना करने हेतु सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रिंसीपल फादर जोस के.थॉमस द्वारा सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमो की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

ओर से

(नाथूसिंह)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर

ST. PAUL'S JODHPUR

Road symbols
Red circle instructs (mandatory) :-
what should not be done
Blue circle instructs (mandatory) :-
what should be done
Triangle cautions :-
Warning sign
Blue rectangle informs :-
Informatory sign